Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 28-04-2023 अंक 553

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बरही : रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क जर्जर, यात्री परेशान : गोलू सिंह



**अपेम लाइव : बरही**

बरही रेलवे ओवरब्रिज से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है। सड़क की गिट्टियां निकल जाने से जगह – जगह गड्ढे हो गए है। जिससे रेलवे स्टेशन एवं आस – पास के स्थानीय लोगों को आने – जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क की कुल लंबाई लगभग एक किलोमीटर है जिसका हाल बदहाल है। बावजूद इसके सड़क की मरम्मती नही की जा रही है जिससे लोगों को आवागमन सुगम नही हो पा रहा है। स्थानीय ग्रामीण गोलू सिंह ने बताया की वर्ष 2013 में इस सड़क का निर्माण कराया गया है। इसी सड़क से सैकड़ों यात्री आवागमन करते है ऐसे में राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अंधेरे में आवागमन करने वाले कई यात्री सड़क में बने गड्ढे में फंसकर आए दिन चोटिल हो रहे है। फिर भी सड़क का मरम्मती नही करवाया जा रहा है।

### फरार अभियुक्त को जेल



**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना कांड संख्या 34 /15 दिनांक 05/02/15 धारा 467 /468 /471 /471/ 420 भा0द0वी0 के प्राथमिकी अभियुक्त नागेंद्र कुमार उर्फ नागो उम्र करीब 45 वर्ष पिता रघुनंदन प्रसाद साकिन कुंदरिया बांध थाना कुजू (मांडू) जिला रामगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस बाबत थाना प्रभारी पुनि इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया की फरार अभियुक्त अवैध कोयला ढुलाई के मामले में नामजद था।

### बड़कागांव पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार के मामले में विशाल कुमार को गिरफ्तार भेजा जेल



**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार मामले में एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने कहा की बड़कागांव थाना कांड संख्या 222 / 22 के प्राथमिक अभियुक्त विशाल कुमार पिता देवा साव ग्राम डोकाटांड़ निवासी कई माह से फरार चल रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए बड़कागांव पुलिस ने थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गई ।टीम गठित कर अवैध कोयला कारोबारी विशाल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।उन्होंने आगे कहा कि अवैध कारोबार करते कोई भी पकड़े जाएंगे निश्चित तौर पर उस पर मामला दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा ।गिरफ्तारी दल में मुख्य रूप से बड़कागांव थाना प्रभारी बिनोद तिर्की , एस आई जीवन आयंड , एस आई प्रदीप कुमार महतो एवं एस आई अभय कुमार सहित बड़कागांव पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।

APEM LIVE

# 58 टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों ने वितरित की पोषक आहार, 26 मरीज हुए टीबी से मुक्त

## टीबी मरीजों को सामाजिक सपोर्ट से मिलता है उन्हे हौसला : डॉ प्रकाश ज्ञानी

## टीबी मरीज को न्यूट्रीशन सपोर्ट से शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है अनुकूल प्रभाव : डॉ सुनील दत्त







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में शिविर लगाकर एक साथ 58 मरीजों को पोषक आहार सामग्री वितरित की गई। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के अध्यक्षता में आयोजित वितरण कार्यक्रम में निक्षय मित्र बने अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से 12, मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन की ओर से 10, शंकुतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से छह, डॉ प्रकाश ज्ञानी की ओर से पांच, राजसिंह चौहान की ओर से 10, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद की ओर से 10, कृष्णा गुप्ता एवं उनके परिवार की ओर से पांच गरीब टीबी मरीजों को पोषक आहार सामग्री का वितरण किया गया। इसमें प्रथम फेज में 33 मरीजों को छह माह तक का पूरा सामग्री दिया गया। जिनमे अपेम के 12, मैन्युफैक्चर एसोसिएशन के 10, एसएसएमटी के 6 एवं डॉ प्रकाश ज्ञानी के 5 मरीज शामिल है। इन 33 मरीजों में कुल 26 मरीज टीबी से मुक्त होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। इस अवसर पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने निक्षय मित्रों को साधुवाद देते हुए कहा की जिस प्रकार पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में आप सब इस मुहिम से जुड़कर योगदान दे रहे हैं। इससे बड़ा कोई धर्म नही है। टीबी से ग्रसित मरीज को सामाजिक सपोर्ट की जरूरत होती है। सामाजिक सपोर्ट के कारण ही बरही अनुमंडलीय अस्पताल में टीबी का रिकवरी रेट काफी बेहतर हैं। बरही में शत प्रतिशत टीबी मरीजों को गोद लिया जा रहा है। झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ सुनील कुमार दत्त ने कहा की टीबी मरीजों को न्यूट्रीशन सपोर्ट देना पुण्य का काम है। इस पुनीत कार्य में सभी को आगे आना चाहिए। मौके पर एस एस मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी, सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, अपेम संरक्षक विजय कुमार, डॉ सुनील कुमार दत्त, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, पंकज कुमार आजाद, बिजेंद्र कुमार, रवि कुमार, मो उस्मान, नरेश कुमार, विष्णु कुमार, साहिद अंसारी सहित सभी लाभुक मौजूद थे।

# एक आंख में काजल एक आंख में सुरमा कहावत को चरितार्थ करता लोध ग्रामीण जलापूर्ति योजना

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**




महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ में 44 करोड़ों की लागत से बूढ़ा नदी में वर्ष 2018-19 में लोध ग्रामीण जलापूर्ति योजना की नींव रखी गई थी , लक्ष्य था, प्रखंड के अंतर्गत सात पंचायत के 38 गांवों तक जलापूर्ती करना. लेकिन आज तक सुचारू रूप से जलापूर्ति प्रारंभ नहीं किया गया है। या तो इसे संवेदक की लापरवाही कहें या फिर इसे लेकर पीएचडी विभाग गंभीर नजर नही आता है। कनेक्शन लेकर ग्रामीण ठगा महसूस कर रहे है, कनेक्शन के नाम पर 100 रूपए लिये गये है, लेकिन पाइप घरों तक आधा अधूरा पहुंचाया गया है। और कहीं कहीं बिछाया भी नहीं गया है, और कहीं बिछाया भी गया है तो जलापूर्ति हो ही नहीं रही है। जैसे मुख्य बाजार से सटा हुआ ग्राम दीपाटोली को ही मान लें यहां आधा अधूरा कनेक्शन किया गया। और तो और दिलचस्प बात यह है कि आधा दीपाटोली में पानी का सप्लाई मिल रहा है और आधा गांव में पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है जिसे देख ग्रामीण यह कहते नजर आ रहे हैं कि संवेदक एवं विभाग के द्वारा इसे अनदेखा किया जा रहा है। इस योजना को लेकर एक कहावत बिल्कुल ठीक बैठता है कि एक आंख में काजल और एक आंख में सुरमा इसी को यह योजना चरितार्थ कर रहा है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। सात पंचायत अंतर्गत 38 ग्रामों को पानी सप्लाई बूढ़ा नदी में एक इनटेकवेल बनाया गया है, यहां से पानी मिरगी गांव में बने 5.10 एमएलडी के क्षमता वाले वाटरट्रीटमेंट प्लांट (जल संशोधन केंद्र) तक आएगा. फिर फिल्ट्रेशन ( स्वच्छ ) हो पानी मेढ़ारी गांव में 5.84 लाख लीटर, मेराम 4.05 लाख एवं महुआडांड में 3.9 लाख लीटर का जलमीनार तक जाएगा, साथ महुआडांड़ स्थित सम्प निर्माण हुआ है। इस सम्प में तीन लाख लीटर पानी फिल्टर हुआ जलापूर्ति हेतु रिजर्व होगा।

जलपूर्ति सुचारू रूप से प्रारंभ होने पर 7000 घरों को पानी समस्या मिलेगा निजात इस योजना के पूर्ण रूप से चालू होने पर पंचायत चटकपुर अक्सी, चौनपुर, अम्वाटोली, महुआडांड़ रेंगाई, चंपा के लगभग 7000 घर पानी समस्या से निजात पायेंगे, लेकिन लोध जलपूर्ति योजना पूर्ण होकर भी शोभा का वस्तु बना हुआ है, जबकि विभाग द्वारा टेस्टिंग की गई है, अनेको ट्रायल हुए है लेकिन अभी तक भी पानी का सप्लाई सुचारू रूप से प्रारंभ नहीं हो सका है। निर्देश के बावजूद अभी तक सुचारू रूप से प्रारंभ नहीं हो सका है जलाआपूर्ति जबकि पूर्व उपायुक्त के द्वारा इस जलापूर्ति योजना का खुद निरीक्षण कर संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को जल्द से जल्द सुचारू रूप से जलपूर्ति करने का निर्देश दिया गया था ।लेकिन आज तक इस निर्देश को लेकर संवेदक या विभाग के पदाधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं, जिसके कारण यह योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इस योजना को लेकर क्या कहते हैं ग्रामीण महुआडांड़ पूर्व पंचायत समिति सदस्य राम जयसवाल ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा 100-100 रू देकर पानी सप्लाई का कनेक्शन लिया गया है जो कि कनेक्शन के नाम पर पाइप तो घरो तक पहुंचाया गया है,शायद ऐसा प्रतीत होता है कि योजना कार्य ही घटिया हुआ है, इसलिए ही शायद पानी की सप्लाई आज तक सुचारू रूप से शुरू नही हो पाया है आधा दीपाटोली ग्राम में पानी का सप्लाई हो रहा है और आधा में नहीं रहा है। ग्रामीण शहंशाह खान,शबीब खान उर्फ भोलू मोहम्मद इरफान, खुर्शीद आलम, आरिफ आलम ,इल्यास अहमद, शहजाद आलम, इरशाद आलम, बीगन प्रसाद उमेश प्रसाद, मुराद अली, शाहिद कमाल, इकबाल अहमद, रिज्वी, नय्यर खान समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि दीपाटोली ग्राम के कई घरों तक पाइप बिछाया गया है,वहीं अभी तक कई घरों तक पाइप भी नहीं बिछाया गया है,पाइप का बिछना भी शोभा की वस्तु बनकर रह गई है,क्योंकि अभी तक कई घरों के लोगों को इससे एक बूंद पानी भी मयस्सर नहीं हुआ है सभी ग्रामीणों का मांग है कि जल्द से जल्द घरों तक कनेक्शन पहुंचा कर और जहां पाईप का कनेक्शन किया गया है वहां पानी का सप्लाई सुचारू रूप से प्रारंभ किया जाए ताकि यहां के ग्रामीणों को इस योजना का पुर्ण रूप से लाभ मिल सके।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## दो मई को होनी थी शादी, चार दिन पहले बाइक तथा बस की टक्कर में दो सगे भाइयों की मौत

### शादी का समान खरीदारी करने बनासो की ओर आ रहे थे दोनों भाई

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ के गरहमुर्गी में सड़क दुर्घटना के बाद खड़ी बस

विष्णुगढ़ गोमियां रोड में बनासो से आगे गरहमुर्गी के पास बाइक तथा बस के बीच हुई टक्कर में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। दोनों बाइक सवार रिश्ते में सगे भाई थे। घटना शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे की है। मृतकों की पहचान बोकारो जिला अंतर्गत चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के माघा निवासी बिरजू सिंह(25) तथा महादेव सिंह (22) पिता स्व. महेर सिंह के रूप में की गई। घटना के संबंध बताया जाता है कि दो मई को महादेव सिंह की शादी की तैयारी चल रही थी। इसके लेकर महादेव अपने बड़े भाई के साथ कुछ सामानों की खरीदारी करने के लिए बनासो की ओर बाइक से आ रहे थे। इसी बीच गरहमुर्गी के पास गोमियां की ओर जा रही सब्बी नामक यात्री बस से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिससे मौके पर ही महादेव सिंह की मौत हो गई। वहीं, मृतक का बड़ा भाई बिरजू सिंह की मौत इलाज के लिए अस्पताल लाने के क्रम में बीच रास्ते में हो गई। दुर्घटना का कारण वाहन का तेज रफ्तार में होना बताया जाता है। दुर्घटना के बाद कुछ आक्रोशित लोगों ने थोड़ी देर के लिए सड़क अवरुद्ध कर दिया। जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम हटाया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बड़े भाई बिरजू सिंह की शादी पिछले साल ही हुई थी। अभी उसे दो माह का एक बच्चा है। दो मई को छोटे भाई की शादी होनी थी। घर में उत्सव सा माहौल था। अचानक इस घटना के बाद घर में शादी का माहौल गम में बदल गया। पूरे गांव में भी जिसने भी इस घटना को सुना सभी हतप्रभ रह गए। लोगों का कहना है कि घुमावदार सड़क होने के कारण उक्त सड़क एक्सीडेंट जोन हो गया है। आए दिन गरहमुर्गी के पास सड़क हादसे होते रहते हैं। एक पखवाड़ा पहले भी उसी जगह एक बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

## चौपारण : दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो रेफर





**अपेम लाइव : चौपारण**

चौपारण : प्रखण्ड के चतरा रोड के बारा चौक के आगे टर्निंग के पास फिर से एक बड़ा हादसा हुआ। हादसे में एक युवक का मौत सामुदायिक अस्तपताल ले जाने के बाद हो गया। वहीं दो की हालत खराब होने के कारण चिकिसको ने प्राथमिक उपचार के बाद हज़ारीबग रेफर कर दिया है। मृतक की पहचान टेनी पिता मोईब सादा ग्राम चयखुर्द और घायलों की पहचान मोजिर अहमद का बेटा चयखुर्द और मो गोलू चतरा के रूप में हुआ है जो फिलहाल चयकला में ही अपने रिश्तेदार के यहां रहते थे

**कैसे घटी घटना**

घटना के सम्बंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अपाची बाइक संख्या जेएच 02 बिजी 5592 से एक बाइक में तीन लोग सवार होकर चौपारण से इटखोरी की ओर जा रहे थे। इसी बीच बारा चौक के आगे टर्निंग के पहले पुल को लगड़ते हुए एक लोहे के खंभे से टकराते हुए तेजी से इमली पेड़ से टकरा गए । पेड़ के टक्कर लगने से बाइक सवार तीनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। चोट लगने के कारण दो के सर में काफी चोट लगने से काफी खून बह गया और काफी देर तक तड़पते रहे।

**आधे घण्टे तक तड़पते रहे घायल , नहीं पहुंचा एम्बुलेंस**

दुर्घटना की खबर मिलते ही आसपास के कई लोग घायलों की तरफ दौड़े और 108 पर फोन कर एम्बुलेंस भेजने व चौपारण प्रशासन को फोन पर जानकारी दी। मौके पर झापा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह भी पहुंचे और एम्बुलेंस के मदद के लिए क०ल घुमाते रहे पर आधा घण्टे के इन्तेजार के बाद भी एम्बुलेंस नहीं पहुंचा। इसी बीच कुछ लोगों ने इसकी सूचना चयकला के कुछ लोगों को भी दी। तब तक चयकला से भी कुछ लोग वहां पहुंच गए। और घायलों को तुरन्त पहचान कर बिना देर किए एक टेम्पू से सामुदायिक अस्पताल चौपारण ले गए। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया । वहीं अन्य दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जिनकी भी हालत नाजुक बताया जा रहा है। वहीं इस घटना पर मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर , पंसस प्रतिनिधि मो फैजान अजमेरी ने गहरा शोक प्रकट किए।

## बरही : कस्तूरबा में स्कूल प्रबंधन समिति का बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही के बरसोत में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्कूल प्रबंधन समिति का बैठक प्रधानाध्यापिका नेहा सिन्हा के अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक एवं स्कूल स्टाफ के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में बालिकाओं की शिक्षा, ह०स्टल में रह रहे छात्राओं के रहन - सहन, खानपान व दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं बेहतर शिक्षा के लिए अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों से छात्राओं की बेहतर पढ़ाई एवं रहन - सहन को लेकर सुझाव भी मांगे गए। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए वार्डेन नेहा सिन्हा ने कहा की विद्यालय में निरंतर विकास के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में वार्डेन नेहा कुमारी, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गीता देवी, उपाध्यक्ष सविता देवी, शिक्षिका ज्योति वर्मा, लेखपाल फरहा अतहर, सुषमा टोप्पो, पिंकी कुमारी, प्रभाकर पाठक, मालती देवी, सुरेंद्र यादव एवं बासुदेव मंडल सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## बरही : भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पेपर आर्ट का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही गया रोड में स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में पेपर आर्ट क्रियाकलाप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा उदय से प्रथम तक के भैया-बहनों ने भाग लिया। कक्षा उदय में स्नोमैन, प्रभात में एनिमल्स फेस स्टिक और प्रथम में सनफ्लॉवर बनवाया गया। यह कार्यक्रम रश्मि कुमारी, गुडविल सिंह, विनीता कुमारी, पुष्पलता कुमारी और ऋचा जैन की देख-रेख में संपन्न हुई। इस सम्बंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रजनीश पाण्डेय ने कहा कि स्कूल में प्रतिवर्ष स्कूल खुलने पर नये चुलबुले बालकों का समूह आता है। उनमें से अधिकांश की आयु तीन और चार वर्षों के बीच होती है और स्कूल का यह उनका पहला अनुभव होता है। वे स्कूल की नई दुनिया से सर्वथा अपरिचित होते हैं। विद्यालय के सीमित परिसर में सीमित कक्षाओं में पाठ्यक्रम की जटिलता को झेलता हुआ बच्चा या बच्चियां केवल एकांगी शिक्षा प्राप्त करता है, इसलिए शिक्षेतर विधियों में इन कार्यक्रमों का भी पढ़ाई के साथ-साथ बराबर महत्व है। इन सहगामी क्रियाओं में भाग लेकर बालक अपने व्यक्तित्व को और संवार सकते है, भावी जीवन की नींव स्वरूप जिस आत्म. विश्वास, अनुशासनबद्धता तथा हर परिस्थिति में अपने को ढालने की योग्यता आवश्यक है, उसको सीखने के लिए विद्यालय में अवसर मिलता है।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर




## केंदुआ में कलशयात्रा का आयोजन शामिल हुए विधायक व पूर्व विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के चुगलामों पंचायत की ग्राम केंदुआ में श्री श्री 108 लघु रूद्र पंचायतन महायज्ञ श्री श्री 108 हनुमान शिव महायज्ञ के निमित कलशयात्रा का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि जानकी प्रसाद यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने लाल पीले वस्त्रों में सजी धजी देवी स्वरूपा माताओं व बहनों को कलश देकर विदा किये ततपश्चात ग्राम भ्रमण के उपरांत उत्तरवाहिनी नदी से जल आचमन के सभी देव् स्थानों में घी के दीपक जलाकर पुनः यज्ञ मंडप में कलश को स्थापित किया गया मौके पर अतिथियों ने कहा यज्ञ आयोजन से क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि का विकास होता है लोगो मे भक्ति के प्रति आस्था अति है वही यज्ञादि से दुर्गुणों का नाश होता है मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख सुरजी देवी, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, अनीता देवी पंचायत समिति मनोज यादव, मुखिया श्यामदेव यादव, श्यामा नायक सुरेश यादव पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कोडरमा मुखिया फूलवंती कुमारी ने सभी आयोजको को बधाई दी मौके पर यज्ञ आयोजक कमिटी के जय यादव अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, सचिव राजकुमार यादव, कोषाध्यक्ष हेमलाल यादव, उपाध्यक्ष उमेश यादव, संचालनकर्ता लकी कुमार यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव यादव, राजेंद्र यादव अजय यादव, अनिल यादव, अरुण यादव,उमेश यादव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे ।

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन/अनुश्रवण से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह म०निटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की ससमय उपलब्धता, विद्यालयों में पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया गया। वहीँ प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को प्रोटीन युक्त भोजन मिले सुनिश्चित करें। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदा. धिकारीयों को स्कूलों में जाकर सतत् म०निटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया । समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि शत प्रतिशत बच्चो को ससमय राशन एवं योग्य बच्चो को ससमय छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने समय समय पर स्कूलों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने की बात कही जिससे की बच्चों को पेट के कीड़ों की बीमारी( कृमि मुक्त)से मुक्त जा सके, ताकि उनका स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा बेहतर रहे।उपायुक्त ने पोषण वाटिका की समीक्षा करते हुए जेएसएलपीएस के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालय में फलदार पौधा लगाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्व मदन लाल के परिजनों से मिलने पहुचे स्वामी ज्ञानानन्द महाराज

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा के प्रसिद्ध समाजसेवी स्व मदन लाल के परिजनों से मिलने स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ( पूर्व विधायक खगेन्द्र प्रसाद) बरकट्ठा पहुचे उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को धैर्य बढ़ाया ज्ञात हो स्व मदन लाल पूर्व विधायक खगेन्द्र प्रसाद के काफी करीबी व सहयोगी रहे थे ।पिछले दिनों मदन लाल जी का देहांत हो गया जानकारी। मिलने के बाद स्वामी ज्ञानानन्द जी बरकट्ठा आये व पुत्र मिथलेश कुमार भारती, पुत्र रतन गुप्ता समेत सभी परिजनों को सांत्वना दिए मौके पर बेलकपी मुखिया प्रतिनिधि धीरेन पाण्डेय, दुर्गानंद झा, राहुल गुप्ता, संजय गुप्त, यमुना साव, विक्की मंडल, अनूप गुप्ता, राज गुप्त, संजीव सिंह समेत स्थानीय लोग उपस्थित थे ।

## जीप अध्यक्ष मुनिया देवी ने किया अमृत सरोवर का शिलान्यास

**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**



बिरनी प्रखंड क्षेत्र के मनकडीहा पंचायत के मंडरखा गांव में शुक्रवार को लगभग 14 लाख रुपए की लागत से बनने वाले तालाब का विधिवत शिलान्यास जीप अध्यक्ष महोदया मुनिया देवी ने कीया ओर इस अवसर पर मुख्य रूप से जीप,उपाध्यक्ष छोटे लाल प्रसाद , जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन , मनकडीहा मुखिया निरंजन वर्मा , केशोडीह पंचायत के मुखिया कृष्ण कांत वर्मा भी उपस्थित थे। जीप अध्यक्ष महोदया मुनिया देवी ने कहा कि तेजी से घटते भूजल स्तर को देखते हुए सरकार द्वारा संचालित अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण का सशक्त माध्यम बनेगी । जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन ने कहा कि पानी की जरूरतें लगातार बढ़ रही है और भूजल स्तर तेजी से नीचे की ओर जा रहा है । ऐसे में अमृत सरोवर योजना के तहत नए तालाब का निर्माण और उसका जीर्णोद्धार निःसंदेह जल संरक्षण की दिशा में कारगर साबित होगा। मुखिया निरंजन वर्मा ने कहा समय के साथ हम तालाब की महत्व को भूल गए है जबकि जल संरक्षण के प्रमुख केंद्र थे । आज परिणाम सबके सामने है। तलाब की बदहाली के कारण जल संचयन नहीं होने से भूजल स्तर लगातार नीचे की तरफ जा रहा है। वैसे आ. जादी के अमृत महोत्सव पर सरकार का यह अभियान न सिर्फ जल संरक्षण का केंद्र बनेगा बल्कि किसानों के साथ आम जनता में इसके लिए जागरूकता का भाव भरेगा। संवेदक टोकन प्रसाद वर्मा ने कहा कि यह तालाब हरी यादव के जमीन पर निर्माण कार्य होना है जो मेरे द्वारा जितना बेहतर हो सकेगा हम उसे करेगें ताकि यहां के किसान भाइयों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके । साथ ही मौके पर मनकडीहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सोनू खान, राजेश वर्मा, युगल साव,वार्ड सदस्य प्रतिनिधि प्रभु शर्मा , उपमुखिया मनीष कुमार, खागो यादव, रामचंद्र यादव, पप्पू कुमार , डीलर महेंद्र शर्मा के साथ साथ कई किसान शामिल रहें।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम साले में विरतिलिया बेक पति स्व0 कारलुस बेक साले चर्च के बगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में चर्च के बड़े फादर जार्ज तिग्गा ने बताया कि महिला वर्ष 2015 से पारिष में खाना बनाने का काम करती थी । उसका पति नहीं एक बेटी को पढ़ाई लिखाई के लिए काम करती थी। पिछले कुछ महीनों से महिला की मानसिक संतुलन बिगड़ गई थी । महिला दो दिनों से लापता थी। काफी खोजबीन के बाद शुक्रवार को चर्च के बगल झाड़ी के आम पेड़ टहनी में लटकता शव मिला । जिसकी सुचना थाने को करने के बाद शव को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया। वही पुलिस मामले की जांच करने जुट गई है।


JHNH Reg. No. 2036000613

जीवन हेल्थ नर्सिंग होम

हमारे यहाँ सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
सामान्य एवं सुरक्षित प्रसव (नार्मल डिलेवरी) की विशेष सुविधा उपलब्ध है।
अपेंडिक्स, बवासीर, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, बच्चेदानी
इत्यादि ऑपरेशन की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

BLOOD TEST
CBC, Sugar, L.F.T, K.F.T, Lipid Profile,
Thyroid, Tuberculosss, Urine R/E etc
यहाँ सभी प्रकार के जाँच की सुविधा है।

24/7 Emergency Services
7903856586
9931874590

NH-2 लस्करी मोड़, रसोईया धमना, बरही
नियर-लोक नायक फैमिली रेस्टोरेन्ट-825405



Prop.-Shubham Kumar

Khushi Pharma

One Stop for Medical Care

मयूर स्टोर के सामने, तिलैया रोड़, बरही (हजारीबाग)
संपर्क सूत्र - 7654147310, 9955750022

हमारे यहाँ सभी प्रकार के अंग्रेजी दवाईयाँ (जानवर) एवं मनुष्य की बेसिक दवाईयाँ उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

## आजीविका न्याय सलाह केंद्र का उद्घाटन

**अपेम लाइव । लातेहार**

**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखण्ड में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित गरिमा परियोजना के तहत शुक्रवार को महुआडांड़ आजीविका महिला संकुल संगठन में आजीविका न्याय सलाह केंद्र का उद्घाटन एसडीओ नित निखिल सुरीन, बीडीओ अमरेंद्र डंग ,बीपीएम तेजू कुमार व बीपीओ सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर बीपीओ ने बताया कि यह न्याय सलाह केंद्र के साथ परामर्श केंद्र के रूप में भी जाना जाएगा। जहां सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से वंचित कमजोर महिलाओं, वृद्ध व्यक्तियों के पेंशन, आधार व राशन कार्ड, जॉब कार्ड आदि से संबंधित समस्याओं का निराकरण होगा। यह न्याय सलाह केंद्र सप्ताह में 6 दिन खुला रहेगा। फोन के जरिए 24 घंटे मामलों की सूचना दी जा सकती है। इसमें एक पैरा लीगल सदस्य और एक सामाजिक सुधार उप समिति सदस्य बैठेंगे। आजीविका न्याय सलाह केंद्र में तीन समितियां हैं। कोर कार्यान्वयन समिति, पैरा लीगल सदस्य और 7 सामाजिक सुधार उप समिति सदस्य होंगे। प्रशासनिक निकाय समिति संकुल संगठन के तीन ओबी सदस्य और प्रत्येक ग्राम संगठन से एक ईसी सदस्य सलाहकार समिति के सदस्य होंगे। इस समिति में बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम समेत अन्य सदस्य होंगे।मौके पर सीसी स्वर्णलता खलखो, पुष्पा कण्डुलन बीआरपी –तैयबा साहिन, जीवन्ति देवी, अमरमणि,नीलमणि,फातमा तथा सखी मंडलों के सदस्यों आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, बाल–बाल बचे लोग, कारण बना सड़क किनारे खुदा गड्ढा

**अपेम लाइव : लातेहार**

**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ रांची रोड एसएच 9 पथ पर सोहर पंचायत अंतर्गत चापीपाठ घाटी से नीचे पूल के समीप शुक्रवार दोपहर लगभग 3:30 बजे नेतरहाट की तरफ जाता एक वाहन मोड काटने के दौरान अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा घूसा, हालांकि दुर्घटना में कोई हताहत होने की सूचना नही है, सभी सुरक्षित बताये गए है, हल्की चोट आई है, सड़क पर चलते ग्रामीणों के द्वारा सभी को गाड़ी से बाहर निकाला गया, छत्तीसगढ़ से आ रहे इस वाहन के चालक को मोड़ स्थित गड्ढा नहीं दिखने से दुर्घटना हुआ है. ज्ञात महुआडांड़ से नेतरहाट तक जो एसएच नौ मुख्य पथ है, कई जगहो पर गड्ढे दिखाई देते है, बताया जाता है कि टावर का केबल लगाने के बाद संवेदक द्वारा सही से स्थल की मरम्मत नहीं करने के कारण इस लापरवाही दुर्घटना के कारण बन रहा है।

## अनकंडीशनल सक्सेस विषय पर व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**

**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जिला मुख्यालय के बाईपास रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में ब्रह्माकुमारीज के हेड क्वार्टर माउंट आबू से पधारे ब्रह्मा कुमार डॉ राजेश के द्वारा शहर में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों हेतु अनकंडीशनल सक्सेस विषय पर व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मा कुमार डॉ राजेश अरोड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों को भौतिक शिक्षा लेने के साथ–साथ समाज को कई ज्वलंत समस्याओं से बचाने की आवश्यकता है आगे बताया किसी विद्यार्थी ने उसी कक्षा में 90% अंक हासिल किया और अगले के लिए उसने 95% का लक्ष्य रखा है ।ठीक उसके विपरीत एक विद्यार्थी जो 50% अंक लेकर आता है और अगली कक्षा में 65% अंक लाने के लिए लक्ष्य रखता है ।परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर देखा गया जिसमें 95 परसेंट का लक्ष्य रखा था उसके 92 परसेंट हो गए और जिसने 65 परसेंट का लक्ष्य रखा था उसके 70 पर्सेंट हो गए तो विद्यार्थियों से पूछा गया कि इनमें से कौन ज्यादा खुश होगा। ऐसे कितने हैं जो स्वयं को सक्सेसफुल मानते हैं। दूसरा ऐसे कितने हैं जो सफलता को सही अर्थों में नहीं जानते। तीसरा अपने जीवन में कौन–कौन सफल होना चाहते हैं? इन तीनों प्रश्नों के उत्तर के लिए उन्होंने तीन शर्ते रखी पहला यह कि हमें सदैव मुस्कुराते रहना चाहिए । दूसरा अपने मन में उस समय किए जाने वाले कार्य के प्रति संपूर्ण एकाग्रता होनी चाहिए। तीसरा हमारे अंदर कुछ विचार होने चाहिए ।जिसमें हमें यह विचार करने हैं मैं शांति का सितारा हूं, आनंद का सितारा हूं, ज्ञान का सितारा हूं ,जो अपने मस्तिष्क में भृकुटी के मध्य विराजमान हूं। मैं खुशनुमा सितारा हूं, मैं चमकती हुई ज्योति हूं, मैं आनंद स्वरूप सितारा हूं । जैसे परमात्मा आनंद का सागर है वैसे आनंद स्वरूप आत्मा हूं। आज हमारी खुशी व शांति को कंडिश्नल बना दिया गया है । स्थानीय सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हाकुमारी अमृता बहन ने कुम्हार की कहानी का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि हमें श्रेष्ठ विचारों को धारण करना चाहिए और ऐसा अपना जीवन बनाना चाहिए ,जिससे दूसरे सुख व शांति को प्राप्त करें। वही गुमला से आई ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा बहन ने कहा कि हमें पुण्य कर्म करने का ध्यान रखना चाहिए। बड़ों के सम्मान करने से हमें आशीर्वाद मिलती है। कार्यक्रम में ब्र.कु. गंगोत्री बहन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के हेड क्लर्क आशीष कुमार ,बृजेश शर्मा रुपेश जी, गुलाब भाई, एवं विद्यालय के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर जी, सुरेश ठाकुर, अभिनव कुंभकार ,राधेश्याम मिश्र, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा कुमारी, स्कूल चंद्र सिंह आलोक कुमार सिंह नीलम अम्बस्ट, शशिकांत पांडे, स्वाति शर्मा, विनीता शर्मा इत्यादि शिक्षकों समेत सैकड़ों की संख्या में राजकीयकृत +2 बालिका उच्च विद्यालय एवं आर के +2 हाई स्कूल लातेहार के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## यादव समाज ने वीर अहीर शहीदो के सम्मान में निकाला कलश यात्रा

**अपेम लाइव । लातेहार**

**मो.रुस्तम**




यादव समाज महुआडांड़ के द्वारा शुक्रवार को वीर अहीर शहीदो के सम्मान में कलश यात्रा निकाला गया, कलश यात्रा शहीद चौक महुआडांड़ पर माल्यार्पण कर आरंभ किया गया, यात्रा दुर्गा बाड़ी होते शास्त्री चौक पहुंचकर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर समाज के गणमान्य लोगो ने माल्यार्पण किया, फिर बाजार होते बिरसा चौक पहुंच बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, फिर वहां से यात्रा रामपुर स्थिति सभा स्थल पर पहुंची और सभा में तब्दील हो गई।

**अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर सभा का आयोजन**

सभा को संबोधित करते हुए महुआडांड़ यादव समाज के अध्यक्ष मोहन यादव ने कहा, हमारे समाज के युवा देश के लिए अपनी जान देते हैं, वही राजपूत रेजीमेंट, जाट रेजीमेंट, सिख रेजीमेंट समेत अन्य रेजिमेंट है, लेकिन अहीर रेजिमेंट नहीं बनाया गया है, हम अहीर रेजिमेंट की मांग करते है, अहीर रेजिमेंट का गठन किया जाए, जो हमारा हक है. सभा की समाप्ति बाद अहीर रेजीमेंट की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम महुआडांड़ एसडीएम नीत निखिल सुरीन को ज्ञापन दिया गया, मौके पर जिला सदस्य, रामनाथ यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष रामदयाल यादव, महासचिव प्रेम यादव, प्रखंड युवा अध्यक्ष मुकेश यादव, युवा प्रखंड सचिव शंकर यादव, सुरेश यादव, विनय यादव, बीजू राय, संजय राय, राधेश्याम यादव रामरत्न यादव, जसवंत यादव, राम लखन यादव समेत भारी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित थे।






दिनांक:

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं०:

## केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा का पुनर्गठन सोहनलाल मेहता अध्यक्ष, गिन्नी वर्मा सचिव एवं सबुर महतो कोषाध्यक्ष चुने गए

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**





बड़कागांव : केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव की पुनर्गठन चुनाव हरली विवाह मंडप में आयोजित किया गया। चुनाव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व उत्कृष्ट विधायक लोकनाथ महतो की अध्यक्षता एवं समाज चुनाव आयोग अध्यक्ष पूर्व मुखिया महेंद्र महतो की देखरेख में में संपन्न हुआ। चुनावी कार्यक्रम का संचालन पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद कुशवाहा एवं केशव नाथ के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी कुशवाहा मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया प्रतिनिधि गण एवं प्रबुद्ध समाज सेवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच. ासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बुद्ध के तस्वीर पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम 34 गांवों से नव चयनित 108 ग्राम प्रतिनिधियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। उसके बाद पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। अध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार, सोहनलाल मेहता, भिखन महतो, सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार लालमणी महतो, गिरी वर्मा, पवन कुमार, सेवंती कुमारी, कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार शबूर महतो, तारकेश्वर प्रसाद ने अपना का नामांकन पत्र भरा। जिनमें तय समय सीमा के अंदर अनिरुद्ध कुमार ने अपना नाम वापस लिया एवं अन्य प्रत्याशी चुनाव में डटे रहे। सभी प्रत्याशियों को आपसी सामंजस्य बनाने का मौका दिया गया परंतु नहीं बनने के कारण चुनावी प्रक्रिया में जाना पड़ा जिसमें कुल 108 मत में 107 मत पड़े, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सोहनलाल मेहता को 62 मत भीखन महतो को 45 मत मिले इस प्रकार सो. हनलाल मेहता लगातार तीसरी बार 17 मत जीत हासिल कर अध्यक्ष बने अध्यक्ष बने। सचिव पद में गिन्नी वर्मा को 51 मत, सेवंती कुमारी को 37 मत, लालमणी महतो को 10 मत एवं पवन कुमार को 9 मत मिले ।गिनी बर्मा ने 14 मत से जीत हासिल की एवं कोषाध्यक्ष पद पर शबूर महतो को 74 मत तारकेश्वर प्रसाद को 33 मत एवं एकमत रद्द पाया गया इस प्रकार 40 मत से सबुर महतो लगातार तीसरी बार कोषाध्यक्ष पद पर आसीन हुए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व विधायक महतो के द्वारा शपथ दिलाई गई।अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सोहनलाल मेहता ने कहा कि जिस प्रकार तीसरी बार हमें कुशवाहा भाइयों ने अध्यक्ष बनाया है मैं समाज के लिए हमेशा तत्पर रहा हूं और आगे भी समाज की बुराइयों को दूर करने का प्रयास करूंगा एवं संगठन को अगले 3 वर्षों में और बेहतर, सशक्त एवं मजबूत बनाने का काम करूंगा ।वही सचिव गिन्नी वर्मा ने कहा की मैं हमेशा समाज के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हूं इसी का परिणाम है कि मुझे केन्द्रीय कुशवाहा समाज में सचिव पद पर कार्य करने का मौका मिला है मैं हमेशा समाज हित में सेवा भाव से काम करूंगी। वहीं कोषाध्यक्ष सबुर महतो ने कहा कि जिस आशा विश्वास के साथ हमें कुशवाहा भाइयों ने तीसरी बार कोषाध्यक्ष पद पर चयनित किया है इस पर मैं खरा ईमानदारी से काम करूंगा ।मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, चुनाव आयोग अध्यक्ष महेन्द्र महतो, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया पारसनाथ महतो, जयनारायण प्रसाद, डॉ बालेश्वर महतो, प्रो. लालदेव महतो, मुकुटधारी महतो, रामसेवक, मुखिया सुलेखा कुमारी, विशेश्वर महतो, पंसस रमनिका कुमारी, कौशल्या देवी, कृतिनाथ महतो, उपेंद्र प्रसाद कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि अजीत प्रसाद, संजय महतो, बालेश्वर महतो, केदार महतो, श्रीक. ांत निराला, अशोक महतो, कार्तिक महतो, खेमलाल महतो, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, बासमती कुमारी, रेखा कुमारी, सुरेश महतो समेत काफी संख्या में प्रखंड के कुशवाहा बंधु उपस्थित थे।

## गर्मीं से बचाव के लिए लोग छ्तों को कर रहे हैं वाइट पेंटिंग

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



गर्मी के मौसम को देखते हुए लोग गर्मी से राहत पाने के लिए कई तरह के उपाय अपना रहे हैं ताकि गर्मी से राहत मिल सके। छत के सबसे ऊपरी तल्ले पर सूरज की तीव्र धूप पड़ने के छत पूरी रूप से गर्म हो जा रहा है ।छत के नीचे भी रहना मुश्किल हो गया है। जिसके कारण काफी गर्मी देखी जा रही है। इस गर्मी से निजात पाने के लिए ग्रामीण तरह-तरह के उपाय अपना रहे हैं जिसमें एक उपाय यह भी देखा जा रहा है कि पूरे छत को वाइट रंग से रंग दिया जा रहा है ताकि कड़ी धूप का प्रभाव छत पर ना पड़े और छत ठंडा रहे। कई जगह इस कार्य को करते हुए देखा जा रहा है ।कई लोग इस प्रकार के उपाय कर रहे हैं ताकि गर्मी से राहत मिल सके।

## एलएडीसीएस के सहयोग से तीन अभियुक्त रिहा

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : हत्या के आरोप में पिछले छह वर्ष को कारावास की सजा काट रहे तीन लोगों को आज लातेहार व्यवहार न्यायालय द्वारा बरी कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सत्रवाद संख्या 42/18 की सुनवाई अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में हुई। उक्त मुकदमे में अभियुक्त मनिता कुमारी, किशुंदयाल उरांव और नागेंद्र उरांव को न्यायालय द्वारा बरी किया गया। ज्ञात हो की बचाव पक्ष की ओर से पैरवी लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लातेहार के द्वारा किया गया था। जिसमे अभियुक्त को निःशुल्क कानूनी सहायता दी गई थी। ज्ञात हो कि एलएडीसीएस का गठन झालसा के निर्देश पर किया गया है। जिसमें वी. चाराधीन बंदियों, सजावार बंदियों एवं आर्थिक तथा समाजिक रूप से कमजोर लोगो के निःशुल्क कानुनी सहयता देना है ताकि लंबित मामलों में न्यायालय के समक्ष उनका पक्ष रख जा सके एवं त्वरित निष्पादन हो सके ।मालूम हो कि उपरोक्त वाद में बंद तीन बंदी एक ही परिवार के है तथा पिछले लगभग छह वर्षो से बिरसा मुण्डा कारागार रांची में हत्या के आरोप में बंद थे।

## महुआडांड़ प्रखंड में डीडीओ के नहीं रहने शिक्षकों को दो माह का वेतन भुगतान नही हुआ

**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ शिक्षक संघ द्वारा बताया गया कि विभागीय आदेश एंव विकट परिस्थितियों में कार्य करते हुए भी दो माह का वेतन शिक्षकों नहीं मिल पाया। जब से बीईईओ को डीडीओ का पद मिला है तब से दो माह का नहीं मिला। जिससे आथिर्क समस्या हो रही । ईद जैसे पर्व के अवसर पर भी वेतन का भुगतान नही हो पाया। शिक्षक संघ महुआडांड़ ने उच्च अधिकारी से जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग की है।

APEM
LIVE

## यादव महासभा का शताब्दी समारोह 30 को

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के गठन के 100 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में लाते. हार शहर के माको डाक बंगला में 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शताब्दी कार्यक्रम मनाया जाएगा। यह समारोह प्रांतीय यादव महासभा झारखण्ड की लातेहार जिला समिति के द्वारा आयोजित की गई है। इसकी जानकारी देते हुए प्रांतीय यादव महासभा के लातेहार जिलाध्यक्ष बृन्द बिहारी यादव ने बताया कि शताब्दी कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि सर्किट हाउस के पास महासभा के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद रोड मार्च करते हुए पदाधिकारी माको डाक बंगला पहुंचेंगे, जहां शताब्दी समारोह को लेकर सभा होगी। उन्होंने जिला समिति के अलावा के प्रखण्ड एवं पंचायत समिति के सभी पदाधिक. ारियों एवं सदस्यों से उक्त कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## शुभम कुमार ने अभिनव एक्टिंग थिएटर में पुरस्कार प्राप्त किया



**अपेम लाइव : लातेहार**

बड़कागांव : नेशनल ल० विश्वविद्यालय रांची में चल रहे अभीर भाव में स्पोर्ट्‌और कल्चर कंपटीशन में खरांटी (बड़कागांव) के शुभम कुमार ने अभिनय एक्टिंग थिएटर में भाग लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया । बेहतर प्रदर्शन करने पर झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य जज संजय कुमार मिश्रा के द्वारा ट्र०फी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया । शुभम कुमार के सफलता पर बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी,चोपदार बलिया पंचायत के मुखिया पूजा कुमारी, प्रतिनिधि चंदन पुरी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, के अलावा के अलावा कई लोगों ने बधाई दी है।

## 30 अप्रैल को मन की बात के 100वां एपिसोड सुनने के लिए सभी जनमानस सुन कर उठाएं लाभ : सतीश

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को शक्ति केंद्र स्तर पर सुने जाने को लेकर कान्हाचट्टी मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह प्रधानमंत्री के 100वें मन की बात सुने। मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि 30 अप्रैल को 100 वां एपिसोड मन की बात करेंगे।प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर पूरे मंडल के बूथ स्तर पर सुने जाने के लिए पूरी तैयारी की गयी है। कार्यक्रम को लेकर मंडल के पदाधिकारियों को लगाया गया है। सतीश सिंह ने बताया कि मंडल के सभी शक्ति केंद्र के बूथों पर बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथों पर मन की बात को बूथ समिति के सदस्यों तथा स्थानीय लोगों के साथ सुनेंगे। प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता अन्य लोगों से अपील करें।

## 6 माह बाद ग्रीन कार्ड लाभुकों को मिला एक माह की राशन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव मध्य पंचायत अंतर्गत जन वितरण प्रणाली मुस्लिम मोहल्ला में ग्रीन कार्ड लाभुकों के बीच चावल का वितरण पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, मुखिया मो तकरीमुल्लाह खान एवं जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम के हाथों लाभुकों को चावल की पैकेट देकर वितरण प्रारंभ किया गया। बता दें कि पिछले नवंबर माह 2022 से ग्रीन कार्ड लाभुकों को राशन नहीं मिला था। राशन नहीं मिले 6 माह हो गए और केवल नवंबर माह का ही राशन अभी दिया जा रहा है। बाकी राशन बाद में जन वितरण प्रणाली को मिलने के बाद वितरण किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, मुखिया मो तकरीमुल्लाह खान एवं जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, संचालक मोहम्मद हलीम, सोहेल खलीफा, मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद कादिर के अलावा अन्य उपस्थित थे ।




APEM
LIVE